IRIS: भारत का पहला AI शिक्षक रोबोट

[स्रोत: टाइम्स ऑफ़ इंडिया]

केरल के तिरुवनंतपुरम में एक स्कूल ने **भारत के पहले** जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षक रोबोट **'Iris'** की शुरुआत के साथ शिक्षा में एक अभूतपूर्व नवाचार का अनावरण किया है। मेकरलैब्स एडुटेक के सहयोग से विकसित, आइरिस का लक्ष्य छात्रों के लिये व्यक्तिगत सीखने के अनुभवों के माध्यम से पारंपरिक शिक्षण विधियों को परिवर्तित करना है।

- वॉयस असिस्टेंट और IRIS से लैस, यह छात्रों को इंटरैक्टिव शिक्षण गतिविधियों में संलग्न करता है।
- IRIS, उपयोगकर्त्ता के प्रश्नों का जवाब देता है, स्पष्टीकरण प्रदान करता है, साथ ही व्यक्तिगत संवाद के माध्यम से शैक्षिक सामग्री भी प्रदान करता है।
  - 4-पहिया और 5 डिग्री ऑफ फ्रीडम (DoF) गतिविधियों के साथ, IRIS स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ सकता है तथा व्यावहारिक शिक्षण गतिविधियों में संलग्न हो सकता है।
- IRIS शिक्षण परिणामों को बढ़ाने और छात्रों को नए तरीकों से प्रेरित करने का वादा करता है, एक ऐसे भविष्य की शुरुआत करता है, जहाँ AI पारंपरिक शिक्षण विधियों का पूरक है।
  - जेनरेटिव AI गहन-शिक्षण मॉडल को संदर्भित करता है, जो उस डेटा के आधार पर उच्च गुणवत्ता वाले पाठ, चित्र एवं अन्य सामग्री उत्पन्न कर सकते हैं, जिस पर उन्हें प्रशिक्षित किया गया था।
- अगस्त, 2023 में भारत ने केरल में अपने **पहले AI स्कूल** का उद्घाटन किया।

और पढ़ें: जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/iris-india-s-first-ai-teacher-robot